**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3866**
**बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## सौराष्ट्र क्षेत्र में एक्स–बैंड डॉप्लर राडार स्थापित किया जाना

†3866. श्री परषोत्तमभाई रुपाला:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने वाले डॉप्लर राडार स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं ताकि बे-मौसम अथवा असामयिक वर्षा के प्रभाव को कम किया जा सके और उससे होने वाली हानियों को रोका जा सके;

(ख) गुजरात में स्थापित डॉप्लर राडारों की संख्या का स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात के सौराष्ट क्षेत्र में एक्स–बैंड डॉप्लर राडार स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां। केंद्रीय क्षेत्र की नई योजना "मिशन मौसम" के अंतर्गत देश में 87 डॉपलर मौसम रडार (DWRs) की स्थापना करने की योजना बनाई गई है, ताकि डेटा अंतराल वाले क्षेत्रों को कवर किया जा सके, तथा किसानों समेत समस्त हितधारकों को मौसम की सटीक जानकारी प्रदान की जा सके।

(ख) एक एस-बैंड डॉपलर मौसम रडार भुज, गुजरात में स्थापित किया गया है।

(ग) वर्तमान में, गुजरात के सौराष्ट्र में एक्स-बैंड डॉपलर मौसम रडार स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। हालाँकि, भुज में मौजूदा एस-बैंड डॉपलर मौसम रडार और अहमदाबाद में स्थापित किए जाने वाले सी-बैंड डॉपलर मौसम रडार, समग्र सौराष्ट्र क्षेत्र को कवर करेंगे।

********